# Denim Developers Limited

**Regd. Office: Flat No 1273, Suwalka Riddhi Siddhi Residency, Plot, No 1-4,**
**Rajeev Gandhi Nagar Ext, Road No.1, IPIA, Kota-324005, Rajasthan,**
**Email Id: info@denim.org.in , Contact No: +91 -73000 -83921**
**(CIN- L36101RJ1969PLC076649)**

November 11, 2023

To,
Listing Department,
Metropolitan Stock Exchange of India Limited
Vibgyor Towers, 4th Floor, Plot No. C-62, G-Block,
Opp. Trident Hotel, Bandra Curla Complex,
Bandra (E), Mumbai - 400098

Sub.: Submission of Newspaper publication for Financial Results of Quarter ended 30th September, 2023 in compliance of regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

Dear Sir/Ma'am,

Pursuant to Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copy of newspaper advertisement with regards to the Financial Results of Quarter ended 30th September, 2023 published in the newspaper namely The Indian Express and Jannayak.

Kindly take the same on records.

Thanking You,
**For Denim Developers Limited**

(Rajesh Kumar Patil)
**Whole Time Director and**
**Chief Financial Officer**
**DIN: 02333360**

# त्योहारी सीजन में रोडवेज और ट्रेनों में सीट की मारामारी

## ट्रेनों के रिजर्वेशन कोच में भी पांव रखने की जगह नहीं मिल रही सबसे ज्यादा दिक्कत लंबी दूरी की ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को हो रही

जननायक



**जयपुर।** दीपावली के त्योहार पर रोडवेज बसों के साथ ही रेलवे और प्रमुख एयरपोर्ट्स पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। जयपुर जंक्शन पर ट्रेनों के रिजर्वेशन कोच में भी पांव रखने की जगह नहीं मिल रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत लंबी दूरी की ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को हो रही है। जनरल कोच में सफर करना भी बड़ी चुनौती है।

छठ पूजा के चलते यूपी बिहार की ट्रेनों में पैर धरने की भी जगह नहीं है। राजधानी जयपुर के सिंधी कैम्प बस अड्डे पर भी सामान्य और वोल्वो बसों में सीट को लेकर मारामारी है। जयपुर के अलावा जोधपुर, कोटा, भरतपुर, अजमेर सरीखे शहरों में भी बस अड्डों पर भीड़ के कारण यात्रियों का आवागमन सुलभ नहीं हो पा रहा है। राजधानी जयपुर के सिंधी कैंप बस स्टैण्ड पर बुधवार से ही बसों में भीड़ शुरू हो गई। आने वाले तीन दिन रोडवेज की सामान्य और वोल्वो बसों में सीट की मारामारी रहेगी। डीलक्स डिपो की वोल्वो की अगले तीन दिन के लिए एडवांस बुकिंग हो गई है। दिल्ली, इंदौर, जोधपुर सहित कई बड़े शहरों के लिए यात्रियों ने एडवांस बुकिंग करा ली है। आलम यह है कि वोल्वो बसों के लिए सिंधी कैंप की विंडो से टिकट नहीं मिल रहे हैं। यात्रियों ने ऑनलाइन ही टिकट बुक करा लिए हैं। वहीं, दूसरी ओर रोडवेज की सामान्य बसों में भी यात्रियों की भीड़ शुरू हो गई है। सर्वाधिक यात्रीभार कोटा और भरतपुर रूट पर देखने को मिल रहा है। सिंधी कैंप पर अमूमन 22 लाख रुपये की आय यात्रियों से होती है। सामान्य दिनों में करीब 10 हजार यात्री भार रहता है। दीपावली पर यह बढ़कर करीब 25 हजार पहुंच गया है। बुधवार से यात्रीभार बढ़ने के कारण एक ही दिन में करीब आठ लाख रुपये की आय बढ़ी है। बुधवार की आय करीब 30 लाख रुपये हुई। चीफ मैनेजर राधिका ने बताया कि एक ही दिन में सिंधी कैंप की आय में बढ़ोतरी हुई है। बाईस लाख से बढ़कर करीब 30 लाख पहुंच गई है। वहीं, डीलक्स डिपो के प्रबंधक कैलाश बड़ाया ने बताया कि वोल्वो बसों में यात्रीभार बढ़ा है। वोल्वो बसों में लोगों ने एडवांस बुकिंग करा ली है। त्योहारी सीजन के चलते जयपुर जंक्शन पर खासी भीड़भाड़ है। हालात यह है कि ट्रेनों में रिजर्वेशन कोच में भी पांव रखने की जगह नहीं मिल रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत लंबी दूरी की ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को हो रही है।

जनरल कोचों में सफर करना सबसे बड़ी चुनौती है। रेलवे अधिकारियों की मानें तो जयपुर जंक्शन पर 24 घंटे में एक लाख से ज्यादा लोगों की आवाजाही हो रही है। आगामी दो से तीन दिन में भीड़ और बढ़ेगी। इधर, सुरक्षा की दृष्टि से भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। आरपीएफ, जीआरपी की टीम अलर्ट हैं। इनके अलावा बिना टिकट सफर करने वाले लोगों की धरपकड़ के लिए भी विशेष टीमें बनाई गई हैं। इधर, गांधीनगर, दुर्गापुरा समेत अन्य स्टेशनों भी ऐसा ही हाल देखा जा रहा है। दीपावली और छठ के त्योहारों में महानगरों से लोग अपने-अपने घरों में लौटते हैं। ऐसे में अब आलम यह है कि दिल्ली-मुंबई से आने वाली ट्रेनों में वेटिंग हो गई है या बुकिंग बंद हो गई है। महानगरों में काम करने वाले अधिकतर लोग दीपावली-छठ पर्व में परिवार के साथ त्योहार मनाने अपने गांव-घर आते हैं। इस कारण ट्रेनों में बुकिंग शुरू होते ही धड़ाधड़ सीटें भर जाती हैं। इस बार दिवाली 12 नवंबर को व छठ पूजा 17 नवंबर से शुरू होगी। ऐसे में 8 नवंबर या इसके बाद की तारीखों के लिए अभी से दिल्ली-मुंबई से आने वाली ट्रेनों में वेटिंग हो गई है या बुकिंग बंद हो गई है। रेलवे ने हालांकि छठ पूजा पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है और अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए 41 जोड़ी रेल सेवाओं की विभिन्न श्रेणियों में 86 डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की है। बावजूद इसके यूपी बिहार जाने वाली ट्रेनों में पैर धरने की भी जगह नहीं है।

# जेडीए बताए, सेक्टर रोड से अतिक्रमण हटाने के लिए क्या कार्रवाई की-हाईकोर्ट



**जयपुर, (कासं.)।**

राजस्थान हाईकोर्ट ने फागी रोड से मुहाना मोड़ तक रिंग रोड को जोड़ने वाली 200 फीट की सेक्टर रोड पर अतिक्रमण के मामले में जयपुर विकास प्राधिकरण से शपथ पत्र पेश कर बताने को कहा है कि यहां से अतिक्रमण हटाने के लिए क्या कार्रवाई की गई। अदालत ने जेडीए को 12 दिसंबर तक यह भी बताने को कहा है कि सेक्टर रोड की वास्तविक अनुमोदित चौड़ाई कितनी है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश बंशीलाल योगी की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। जनहित याचिका में अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने बताया कि जेडीए ने फागी रोड से मुहाना मोड़ तक रिंग रोड को जोड़ने के लिए 200 फीट की सेक्टर रोड स्वीकृत की थी। इसके अलावा कमर्शियल कॉरिडोर भी बनाया जाना था। वहीं बाद में वर्ष 2014 की बीपीसी की मीटिंग में तय किया गया कि यहां कमर्शियल कॉरिडोर की जरूरत नहीं है और रिंग रोड को जोड़ने के लिए सेक्टर रोड ही रखी। याचिका में कहा गया कि इस रोड पर प्रभावशाली लोगों ने अतिक्रमण कर लिया। याचिका में गुहार की गई की 200 फीट की सेक्टर रोड से अतिक्रमण को हटाया जाए और यहां निर्माण जल्दी पूरा किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का ब्यौरा पेश करने को कहा है।

# नाबालिग से अश्लीलता करने वाले युवक को सजा

**जयपुर।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर प्रथम ने नाबालिग लड़की के साथ अश्लीलता करने और उसे ब्लैकमेल कर संबंध बनाने की कोशिश करने वाले अभियुक्त गिर्राज मीणा को तीन साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर पन्द्रह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने नाबालिग पीडिता के साथ लैंगिक प्रताड़ना कर न केवल उसे शारीरिक क्षति पहुंचाई, बल्कि उसकी गरिमा को आहत करने वाला कार्य किया है। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि अभियुक्त करीब तीन साल पहले सोलह साल की पीडिता के घर किराए पर रहने आया था। इस दौरान दोनों के बीच बातचीत होने लगी। वर्ष 2020 में पीडिता पहली मंजिल पर जा रही थी।

# प्रदेश में भाजपा संगठित होकर चुनाव लड़ रही बागी भाजपा विरोधी है : केन्द्रीय मंत्री जोशी




**भीलवाड़ा, (निसं.)।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री एवं भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी एवं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शुक्रवार को औचक भीलवाड़ा पहुंचे। हेलिकाप्टर से भीलवाड़ा पहुंचे दोनो केन्द्रीय मंत्रियों ने भाजपा जिला कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक ली तथा बंद कमरे में जिले में चुनाव की स्थिति के बारे में आवश्यक हिदायतें दीं। जिला कार्यालय में बैठक में संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा संगठित होकर चुनाव लड़ रही है। पार्टी की विचारधारा पर चलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करना है। भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल के खिलाफ जो खड़ा है वह बागी होकर भाजपा का विरोधी है। कमल ही हमारे पार्टी का प्रत्याशी है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि सभी संगठनों की अलग-अलग व्यवस्था है। जिसमें भाजपा ने जो तय किया है। जिन प्रत्याशियों को चुनाव में उतारा है। उसे ही भारी बहुमत से जीताना है। बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जो मेहनत कार्यकर्ताओं ने की है उसकी परीक्षा की घड़ी आ गई है। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती हुई ताकत को रोकने के लिए पूरे विश्व की ताकते भारत की समृद्धि, एकता को देखते हुए एक साथ एकत्रित हुई है। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। जिसका सेमी फाइनल पांच राज्यों के चुनाव है जो देश के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्हें बूथ स्तर तक पूरी ताकत से लगने की कहा। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल, संभाग सह प्रभारी अतर सिंह भडाना, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, भीलवाड़ा सांसद सुभाष बहेड़िया, भीलवाड़ा विधानसभा भाजपा प्रत्याशी विठ्ठल शंकर अवस्थी, सभापति राकेश पाठक, जिला मीडिया प्रभारी महावीर समदानी मंचासीन थे। इससे पूर्व प्रदेश चुनाव प्रभारी जोशी एवं केंद्रीय मंत्री सिंह हेलीकॉप्टर से मोदी ग्राउंड में उतरकर सीधे भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे। केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी के भाजपा जिला कार्यालय आने पर भाजपा संगठन की ओर से उनका जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा की विशेष महत्वपूर्ण चुनावी मीटिंग में शहर एवं जिला पदाधिकारी मोर्चा एवं मंडल अध्यक्ष महामंत्री, पूर्व सभापति, पूर्व नगर एवं मंडल अध्यक्ष,पार्षद सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 2030 तक रेबीज मुक्त होगा बीकानेर, राज्य नोडल अधिकारी ने की समीक्षा

**बीकानेर।** रेबीज मुक्त बीकानेर अभियान के लिए अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक स्वास्थ्य भवन सभागार में आयोजित हुई। बैठक में 2030 तक बीकानेर को रेबीज मुक्त जिला बनाने हेतु जयपुर से आए रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ एम एल सालोदिया की अध्यक्षता में गहन मंथन किया गया।

डॉ सालोदिया ने विभाग वार की जाने वाले कार्य तथा जिम्मेदारियों का वर्गीकरण किया। उन्होंने बताया कि रेबीज के संबंध में जन जागरण तथा एंटी रेबीज वैक्सीन लगाने का कार्य स्वास्थ्य विभाग का है जबकि पेट्स का पंजीकरण, कुत्तों का बंध्यकरण एवं शहर से दूर करने का कार्य नगर निगम के जिम्मे है। इसी प्रकार पशु चिकित्सा विभाग तथा पशुपालन विभाग द्वारा कुत्तों व अन्य पालतू जानवरों के टीकाकरण व बंध्याकरण का कार्य किया जाना है। सीएमएचओ डॉ मोहम्मद अबरार पंवार ने जानकारी दी कि रेबीज एक ऐसी भयावह बीमारी है जिसे होने के बाद मृत्यु सुनिश्चित है लेकिन वैक्सीन लगने पर इससे बचना भी सुनिश्चित है। उपायुक्त नगर निगम ने रेबीज नियंत्रण के लिए योजना बनाकर कार्रवाई करने की बात रखी जबकि पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ शिव प्रसाद जोशी ने रेबीज मुक्त बीकानेर के लिए तकनीकी विषय पर जानकारी दी।

# जाति-धर्म का सहारा लेकर क्षेत्र की जनता को गुमराह करने का हो रहा है प्रयास : अमित

**नोहर, (निसं.)।** भाजपा ने सदैव जाति-धर्म की राजनीति की हैं। यही जातिवाद का जहर क्षेत्र में घोलने का प्रयास किया जा रहा हैं। भाजपा का असली चेहरा क्षेत्र की जनता जान चुकी हैं। भाजपा नेता कस्बे के अलग-अलग चौक-चौराहों पर चेहरे देखकर जातिवाद का जहर घोलने का कुप्रयास कर रहे हैं। मगर क्षेत्र की जनता इनके बहकावे में नही आने वाली हैं। यह बात नोहर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अमित चाचाण ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क के दौरान कही। अमित चाचाण ने कहा कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नही हैं। विकास पर कोई बोलने को तैयार नही हैं। इस कारण जाति-धर्म का सहारा लेकर क्षेत्र की जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा हैं। मगर क्षेत्र की जनता विकास के नाम पर मतदान करने का मन बना चुकी हैं। अमित चाचाण ने कहा कि कांग्रेस ही सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी हैं। क्षेत्र में केवल और केवल अब विकास की बात होगी। जनसम्पर्क के दौरान अमित चाचाण ने कहा कि जनता अपने पराये का फर्क समझ चुकी हैं।

## स्वच्छ व पारदर्शी प्रशासन देने के वादे के साथ भाजपा प्रत्याशी अभिषेक मटोरिया मांग रहे है वोट

**नोहर।** कांग्रेस के शासनकाल में प्रत्येक वर्ग के हितों पर कुठाराघात हुआ। आपराधिक व चोरी की घटनाए निरंतर बढ़ी , प्रशासन पूरी तरह निरंकुश साबित हुआ। चोरी की घटनाओं का आलम ये था कि एक ही रात में एक दर्जन से अधिक चोरी की वारदाते हुई लेकिन पुलिस प्रशासन मोन रहा ÷ यह बात नोहर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अभिषेक मटोरिया ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क एवं कस्बे के वार्डों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में कही। अभिषेक मटोरिया ने बेबाक अंदाज में बोलते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता के साथ विकास के कार्यों में भेदभाव हुआ हैं।

# सामान्य पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न

**बूंदी।** जिले में विधानसभा चुनाव के तहत शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में बूंदी व केशोरायपाटन के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक हर्षद कुमार आर पटेल, हिण्डोली विधानसभा के सामान्य पर्यवेक्षक हरीश नैय्यर, जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की मौजूदगी में मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान बूंदी, हिण्डोली एवं केशोरायपाटन विधानसभा वार मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के अधिकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया के तहत जिले में नियुक्त कार्मिकों के विधानसभावार मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। उन्होंने बताया कि 1070 मतदान दलों में से सक्रिय 892 मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। इसके साथ ही 20 प्रतिशत रिजर्व मतदान दलों का भी रेण्डमाइजेशन किया गया है।

इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव, उपजिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज परिडवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह, सूचना विज्ञान अधिकारी अनिल भाल, डीआईटी के संयुक्त निदेशक महेन्द्रपाल भी मौजूद रहे।

## आज का राशिफल

**मेष** — चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ

**आज** आपकी कोई इच्छा पूरी होने वाली है। आध्यात्मिक तथा धार्मिक गतिविधियों में भी रुचि बढ़ेगी और बहुत अधिक शांति और हल्का महसूस करेंगे।

**वृषभ** — ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो

**समय** अनुसार अपनी कार्य प्रणाली में परिवर्तन लाना आपको व्यवस्थित करेगा तथा कार्य भी आसानी से संपन्न हो जाएंगे पारिवारिक अथवा पैतृक संबंधी कोई मसला हल हो सकता है।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड़ छ, के, को, हा

**मिथुन** राशि के लिए लाभदायक समय चल रहा है। नजदीकी रिश्तेदार से पुराने मतभेद दूर होकर संबंधों में पुनः मधुरता आएगी। परिवार में भी खुशी भरा वातावरण रहेगा।

**कर्क** — ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

**दिन** की शुरुआत में कोई समस्या आ सकती है, लेकिन आपके आत्मविश्वास और थोड़ी सी सावधानी से अधिकतर काम सुचारू रूप से संपन्न होते जाएंगे।

**सिंह** — मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे

**आज** आपकी आपकी कोई पारिवारिक समस्या हल होने वाली है, काफी समय बाद नजदीकी रिश्तेदारों के साथ मेलजोल होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या** — टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

**आपको** अपनी किसी समस्या को सुलझाने में नजदीकी लोगों का सहयोग मिलेगा। साथ ही आपको अपनी मेहनत और योग्यता के अनुकूल परिणाम भी मिलेंगे।

**तुला** — रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते

**सामाजिक** और पारिवारिक गतिविधियों में आपका योगदान रहेगा फाइनेंस संबंधी गतिविधियों में सुधार आएगा और आपको मनोनुकूल परिणाम भी मिलेंगे।

**वृश्चिक** — तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू

**व्यक्तिगत** तथा व्यावसायिक योजनाओं को कार्य रूप देने का अनुकूल समय है, जो कि आगे चलकर आपके लिए बहुत ही फायदेमंद साबित होगी।

**धनु** — ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ड़ा

**कोई** खास काम शुरू करना चाहते हैं तो परिवार के किसी वरिष्ठ व्यक्ति कुछ समय धार्मिक कथा आध्यात्मिक गतिविधियों के लिए भी जरूर निकालें।

**मकर** — भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी

**पिछले** कुछ समय से जिस विशेष कार्य को लेकर आप प्रयास कर रहे थे, तथा अपनी दबी हुई प्रतिभा को उभारे इससे आपको कोई भी खास निर्णय लेने में सहजता होगी।

**कुंभ** — गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,


**अपनी** योजनाओं को साकार करते समय इस बात का ध्यान रखें कि आपको अपनी मेहनत द्वारा ही अपनी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति करनी होगी।

**मीन** — दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची

**आज** कोई खुशखबरी मिलने से दिन भर प्रफुल्लित रहेगी। किसी राजनैतिक अथवा प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा आपको कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि भी मिल सकती हैं। मेहनत अपने कार्यों में लगा दें।

# दिनदहाड़े बालाजी के श्रृंगार से नोटों का चोला चोरी





बालाजी की प्रतिमा पर नोटों का चोला और चोला चोरी होने के बाद प्रतिमा।

**झालावाड़।** जिले के भवानीमंडी के बालाजी चौराहा स्थित बालाजी मंदिर में धनतेरस के अवसर पर बालाजी की प्रतिमा का किए गए श्रृंगार से नोटों का चोला दिनदहाड़े चोरी कर लिया गया। इस बार धनतेरस पर बालाजी मंदिर में माहेश्वरी इलेक्ट्रिकल ने अलसुबह नोटों का चोला चढ़ाया था, जिस पर दोपहर 3 बजे बाद अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर लिए। जब मंदिर के पुजारी मंदिर में पहुंचे तो भगवान को चढ़ाया गया नोटों का चोला व नोटों की माला गायब मिली। महेश्वरी इलेक्ट्रिकल संचालक रवि भराड़िया ने बताया कि अलसुबह 5 बजकर 30 मिनट पर पंडित जी ने धनतेरस पर बालाजी महाराज को 10 हजार रुपए से अधिक कीमत का नोटों का चोला चढ़ाया था, जो 3.30 बजे तक वहीं मौजूद था, जिसके बाद अज्ञात चोर चोले में से आधे से अधिक नोट चोरी कर ले गया, जिस पर थाने में चोरी का मामला दर्ज करवाया है।

# कांग्रेस और भाजपा झूठे वादों के सहारे सत्ता हथियाने की कौशिक में - कॉमरेड मंगेज

**नोहर,(निसं.)।** कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी कभी गरीब ,मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग का भला नही कर सकती दोनो पार्टियों ने केवल झूठे वादे और सपने दिखाकर सत्ता हथियाई है और अब भी दोनो पार्टियां झूठ के सहारे सत्ता हथियाने की फिराक में है÷ ये बात आज माकपा उम्मीदवार कॉमरेड मंगेज चौधरी ने पल्लू क्षेत्र में अपने कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही ।

मंगेज ने मतदाताओको चेताया कि पूंजीवादी पार्टियां फिर लोक लुभाने वादों के साथ आपको लुभाने और ठगने को त्यार खड़ी है इसलिए आपको सचेत रहने की आवश्यकता है । कॉमरेड ने कहा कि मेने हमेशा गरीब मजदूर किसानों के हितों के लिए संघर्ष किया है अनेकों बड़े आंदोलन किए है। किसानों के सिंचाई पानी और फसल बीमा क्लेम को लेकर एक लंबी लड़ाई लड़ी है ।

इस संघर्ष को और तेज धार देने के लिए आप मुझे वोट के माध्यम से ताकत देने का काम करे ।मंगेज ने कहा कि इस बार चुनाव में माकपा का कारवां लगातार बढ़ता जा रहा है माकपा को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है और इस बार चुनाव में हम अच्छे वोटो से विजय श्री प्राप्त करेंगे ।

# सती माता के चबूतरे की हरे रंग से पुताई पर आक्रोश

## स्थानियों में आक्रोश, नायब तहसीलदार, थानाधिकारी मौके पर

जननायक संवाददाता

**किशनगंज।** क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटक स्थल रामगढ़ में स्थित गिरनार पर्वत क्षेत्र के तालाब की पाल के नजदीक बरगद के पेड़ के पास स्थित सती माता के चबूतरों में से एक बड़े चबूतरे पर एक समुदाय विशेष के व्यक्तियों द्वारा हरे रंग से पुताई कर आपत्तिजनक शब्दावली लिखने का मामला सामने आने पर सैकड़ों की संख्या में रामगढ़ वासी मौके पर पहुंचे।

जहां से तहसीलदार एवं थानाधिकारी को इस बारे में सूचना दी। इस पर नायब तहसीलदार बाबूलाल एवं थाना अधिकारी प्रेमबिहारी नागर मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। सती माता के चबूतरे पर हरे रंग से पुताई को लेकर मौका स्थल पर मौजूद व्यक्तियों ने अधिकारियों के समक्ष गहरी नाराजगी जाहिर कर नारेबाजी करते हुए तुरंत दोषी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई करने की मांग की।



सती माता के चबूतरे के साथ मूर्तियों पर किया हरा रंग। जननायक

नायब तहसीलदार एवं थाना अधिकारी ने लोगों से समझाइश कर मामला शांत करवाया। थानाधिकारी नागर ने बताया कि रामगढ़ पहाड़ी क्षेत्र में स्थित एक चबूतरे पर हरे रंग से पुताई करने को लेकर रामगढ़ सरपंच प्रतिनिधि हेमराज राठौर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। अनुसंधान कर कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार अभयराज सिंह ने बताया कि उक्त मामले की जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार को मौके पर भेजा गया। एक व्यक्ति को मौके से डिटेन कर लिया है। चबूतरे की वापस भगवा रंग से पुताई करवा दी है। प्रकरण दर्ज कर लिया है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

**DENIM DEVELOPERS LIMITED**

**Regd. Office: Flat No. 1273, Suwalka Riddhi Siddhi Residency,
Plot No. 1-4, Rajeev Gandhi Nagar Ext, Road No.1, IPIA, Kota-324005, Rajasthan
CIN: L36101RJ1969PLC076649 Email: info@denim.org.in, Mob:- +91-73000-83921**

Extract of Consolidated Un-Audited Financial Results for the quarter and half year ended as on 30th September, 2023
(Rs.in Lakhs)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | | Six Month Ended |
|---|---|---|---|---|
| | | 30-09-2023 (Un-Audited) | 30-09-2022 (Un-Audited) | 30-09-2023 (Un-Audited) |
| 1. | Total Income from Operations | 2,539.55 | 506.85 | 4,200.77 |
| 2. | Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary items) | 259.97 | 157.43 | 821.08 |
| 3. | Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary items) | 259.97 | 157.43 | 881.68 |
| 4. | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary items) | 160.18 | 119.34 | 633.60 |
| 5. | Total Comprehensive income for the period [Comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 484.61 | 257.64 | 974.24 |
| 6. | Equity share capital (face value Rs.10/- each) | 1,061.42 | 1,061.42 | 1,061.42 |
| 7. | Reserves (excluding revaluation reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the Previous Year i.e. 31.03.2023 | 9,696.15 | | 9,696.15 |
| 8. | Earnings Per Share (for continuing and discontinued operations) (of Rs.10/- each) Basic & diluted | 4.57 | 2.43 | 9.18 |

Key Number of Standalone Financial Results

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | | Six Month Ended |
|---|---|---|---|---|
| | | 30-09-2023 (Un-Audited) | 30-09-2022 (Un-Audited) | 30-09-2023 (Un-Audited) |
| 1. | Total Income from Operations | 566.79 | 467.32 | 911.40 |
| 2. | Net Profit/ (Loss) for the period before tax | 290.20 | 177.23 | 534.87 |
| 3. | Net Profit/ (Loss) for the period after tax | 217.54 | 139.14 | 401.02 |

1. The above is an extract of the detailed format of Un-audited Consolidated Financial Results for the quarter and half year ended on September 30, 2023 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the said Financial Results are available on the websites of the Stock Exchange(s) and the company at www.msei.in and www.denimdevelopersltd.com
2. The above financial results of the Company are reviewed and recommended by the Audit Committee and have been approved by the Board of Directors at their respective meetings held on November 10, 2023. The Statutory Auditors have carried out a limited reviewof these financial results.

For Denim Developers Limited
SD/-
Rajesh Kumar Patil,
Whole-time Director & Chief Financial Officer (DIN: 02333360)

Place: Kota
Date : November 11, 2023